an>

Title: Need to provide better health services in primary health centre.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र मिश्रिख की ओर आकर्षित करना चाहती हूं। मैं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के बारे में आपको बताना चाहूंगी। केवल मिश्रिख लोक सभा क्षेत्र में ही नहीं, उत्तर प्रदेश में हर जगह स्वास्थ्य केन्द्र तो हैं, लेकिन वहां न तो कभी कोई डॉक्टर दिखता है और न कोई कर्मचारी दिखता है, जिससे मरीजों को अपनी जान भी कई बार गंवानी पड़ती है, क्योंकि डॉक्टर न मिलने के कारण और प्राथमिक सुविधा न मिलने के कारण उनकी जान चली जाती है। मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करती हूं कि वह एक जांच समिति का गठन करे और इन स्वास्थ्य केन्द्रों की जांच करवाए तथा वहां जो तैनात डॉक्टर और कर्मचारी अपनी कर्तव्यों का निर्वाह नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाए।